# भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

---

## प्रेस विज्ञप्ति

**सादर प्रकाशनार्थ।**

**जालौर जिले की घटना पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा, दोषियों को कड़ा दंड मिले**

******* *******************

**प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री कमजोर हैं, इसलिए ऐसी घटनाएं हो रही हैंः डॉ. पूनियां**

**************************

**जयपुर, 14 अगस्त 2022।** सुराणा गांव के जालोर जिले के इंदर मेघवाल की शिक्षक के द्वारा पिटाई से मौत हो गई, यह समाज के समक्ष और शासन के समक्ष भी एक यक्ष प्रश्न खड़ा करता है कि इतने वर्षो के बाद भी राजस्थान जिस खूबी के लिए जाना जाता है, वह सदभाव, एकता, समरसता और भाईचारा मुझे लगता है उसपर किसी की नजर लगी है, शासन को जरूर इतना चेताना चाहूंगा कि पिछले साढ़े तीन वर्षो में एक के बाद एक इस तरीके से दलित उत्पीड़न की घटनाएं हुई हैं, प्रदेश की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हुआ है।

यह घटना समाज की आंख खोलती ही है, क्योंकि मुझे लगता है कि सबकी एकता से समरसता से भाईचारा से ही समाज बनता है, इस विकृति से लड़ने के लिए क्योंकि जिस तरीके की घटनाएं लगातार होती आई हैं, वो घटनाएं आज समाज को सोचने के लिए विवश करती है कि आजादी के 75 वर्ष हम लोग मना रहे हैं, लेकिन उस समय जिस तरीके की सामाजिक विकृतियां, इस तरीके की जिसमें समाज में भेद खड़ा होता हो, मुझे लगता है कि यह समय है अब सिंहावलोकन का कि जाति, पंत, मजहब इनसे ऊपर निरपेक्ष होकर समाज के सदभाव के लिए काम करें।

राज्य सरकार और शासन के लिए इतना ही कहूंगा कि कोई भी व्यक्ति अपराध तभी करता है, कोई भी व्यक्ति बैखोफ तभी होता है, तब उसपर शासन का इकबाल खत्म हो जाता

---

कार्यालय : सी–51, सरदार पटेल मार्ग, सी.स्कीम, जयपुर। फोन :– 0141.2225040, 2221364
ई–मेल bjprajasthanjaipur@gmail.com / bjpmediarajasthan@gmail.com

है, कांग्रेस सरकार के रहते इस तरीके की अनगिनत घटनाएं इसी बात का प्रमाण हैं कि राजस्थान का मुख्यमंत्री लाचार है, राजस्थान का जो गृहमंत्री वो मजबूर है, वो इन सब बातों को कायम करने के लिए कमजोर है और जब सरकार कमजोर होती है, मंत्री कमजोर होता है, मुख्यमंत्री कमजोर होता है, ऐसी घटनाओं में इजाफा होता है, मुझे लगता है कि पानी अब सर से गुजर गया है।

लेकिन एक अपील जरूर करूंगा कि हमारे लिए सियासत से बड़ा समाज है, समाज की एकता और भाईचारा बना रहे यह अपील जरूर करूंगा कि जो दोषी हैं उनको कड़े से कड़ा दंड जरूर दिया जाए।

**( कार्यालय प्रभारी )**